भाजपा की जन आक्रोश यात्रा लोहार्गल मंडल में आयोजित हुई

नवलगढ़, (निसं)। कांग्रेस सरकार के 4 साल पूरे होने पर भाजपा प्रदेश नेतृत्व में कांग्रेस के खिलाफ भाजपा की जन आक्रोश यात्रा का रथ तीसरे दिन सोमवार को बसावा, गोजावास, भोजनगर, टोंक छिलरी, गिरधरपुरा, ढेवा की ढाणी, परसरामपुरा, लोहार्गल मंडल के गांव में पहुंचा।

भाजपा जन आक्रोश यात्रा की रथ का जगह-जगह पर स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान लोगों ने कांग्रेस सरकार पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए जन समस्या पेटी में अपनी शिकायत भी डाली। भाजपा नेता राजेश कटेवा सहित भाजपा नेताओं ने कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि राजस्थान में 4 साल की सरकार निराशाजनक रही है। कार्यकाल में लोगों की काम नहीं हुई है और अपराध बढ़े हैं। गहलोत अपनी सरकार बचाने में लगे हुए हैं। दूसरी ओर व्यवस्थाओं से लोग जूझ रहे हैं। राहुल गांधी ने 17 दिसंबर 2008 को किसानों के कर्ज माफी की घोषणा की थी। लेकिन आज तक प्रदेश सरकार का रूपए एक भी कर्ज माफ नहीं किया। भाजपा नेता राजेश कटेवा ने बताया कि स्थानीय विधायक अपने आपको विकास पुरुष कहता है। विधायक विकास के नाम से कलंक है। नवलगढ़ शहर में पूरी सड़कों को उखाड़ दिया है। जो अभी तक ठीक नहीं कर पाया है। पवित्र धाम लोहार्गल धाम की सारी सड़कें उजड़ी हुई है और अपने आपको विकास पुरुष कहता है। दूसरी ओर बदराणा जोहड़ा पर कब्जा करके बैठा हुआ है।

भाजपा जन आक्रोश यात्रा रथ का जगह-जगह पर स्वागत किया गया।

भाजपा नेता विक्रमसिंह जाखल ने कहा कि कांग्रेस सरकार विकलांग और असहाय लोगों के एसएसआई योजना के नाम से काट रही है। जिससे योजना से मिलने वाली सहायता बंद होने से ऐसा वर गरीब लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विक्रम सिंह ने कहा सीमेंट प्लांट में करोड़ों रुपए की धांधली की स्थानीय विधायक ने, युवाओं को नौकरी देने के वादे में भी स्थानीय विधायक बहुत पीछे हट गए हैं और अपना काम साधने में लगे हुई है। भाजपा नेता वीरपालसिंह शेखावत व ओमेंद्र चारण ने यात्रा के दौरान हुई सभाओं में जमकर लताड़ा। जिला परिषद सदस्य बीरबल गोदारा व गिरधारीलाल इंदौरिया ने भी नवलगढ़ की जनता के साथ में हो रहे दुराचार के बारे में लोगों को अवगत करवाया। सोमवार को यात्रा का समापन परसरामपुरा में किया गया। इस मौके पर लोहार्गल मंडल अध्यक्ष किशनलाल गुर्जर व पूर्व मंडल अध्यक्ष बीरबल यादव के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया। यात्रा जिला सह संयोजक योगेंद्र मिश्रा, यात्रा संयोजक सुभाष लांबा, लोहार्गल सरपंच जगमोहन सिंह शेखावत, बागोरिया की ढाणी सरपंच राजेंद्र सैनी, देवीपुरा बणी सरपंच प्रतिनिधि रजनीश पूनियां, मुकुंदगढ़ शहर मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, विस्तारक चंद्रभान नाई, भोजनगर में चौपाल में गोकुलसिंह, ओंकारसिंह, महेश धायल, राजाराम ढाका, बीरबल कुमावत, राधेश्याम सैन, मदनलाल जांगिड़, सुरेंद्र सिंह भोजनगर, बूथ अध्यक्ष टीकम सिंह शेखावत, ओमप्रकाश जाखल, चंद्रशेखर रावल सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

■ भाजपा नेताओं ने कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा

नौ कार्मिकों का चयन हुआ

चूरू, (कासं)। संभागीय आयुक्त, बीकानेर संभाग के अनुसार 9 वी राजस्थान राज्य अर्न्तसम्भागीय सिविल सेवा प्रतियोगिता 2022.23 15 से 17 दिसम्बर तक कार्मिक विभाग के तत्वाधान जिला कलेक्टर जोधपुर के माध्यम से जोधपुर में आयोजित की जा रही है। जिसके तहत संभाग स्तर पर बीकानेर में 21 से 22 नवम्बर को चयन किया गया। जिसमें चूरू जिले के कार्मिकों ने अपना कौशल दिखा कर अपना स्थान टीम में पक्का किया। प्रतियोगिता में टेबल टेनिस के सात खिलाड़ियों में से तीन खिलाड़ी चूरू के है। शिक्षक पवन किशोर बड़थ्वाल, अध्यापक, प्रबोधक राजेश जांगिड़, पीटीआई करणधोज आदि का टीम में चयन हुआ। इसी प्रतियोगिता में बैडमिन्टन टीम में विवेक बेदी ने स्थान बनाया। वॉलीवाल टीम में पीटीआई रवि महर्षि, संजय सरावग, संजय, पीटीआई नरेन्द्र कुमार बुडानिया, सहायक प्रशासनिक अधिकारी होशियार सिंह आदि का चयन हुआ है। शारीरिक शिक्षक व्याख्याता राम निवास भोगो, टेबल टेनिस संघ के सचिव ध्रुव पुनिया, कोच रमेश पूनिया, सुभाष रक्षक, राजस्थान टेबल टेनिस के उपाध्यक्ष संजय पूनिया एवं राजेश वर्मा व शहरवासियों ने चयन होने पर खिलाड़ियों का स्वागत किया।

शिक्षा ऐसी चाबी है, जो हर ताले के लग सकती है : निशा सहरिया

झुंझुनूं, (निसं)। जिलेभर में भारतीय रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय पर हमीरी रोड स्थित वार्ड संख्या 55 सहरिया कॉलोनी में राजकीय प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि गैर राजनैतिक सामाजिक संगठन भीम अदालत की महिला विंग राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री निशा सहरिया ने अपने संबोधन में कहा की शिक्षारूपी एक ऐसी चाबी है। जो हर ताले के लग सकती है। धन-दौलत का बंटवारा हो सकता है। लेकिन शिक्षारूपी धन जितना खर्च करोगे उतना ही बढ़ेगा।

■ जिलेभर में बाबा साहेब अंबेडकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

उन्होंने बाबा साहेब द्वारा लिखित सविधान पर भी प्रकाश डाला तथा समाज में फैली कुरीतियों के त्याग के बारे में सभी को शपथ दिलवाई। वहीं विद्यालय प्रधानाध्यापक सांवरमल ने सविधान में मिले अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया तथा पुष्प अर्पित कर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि दी गई एवं भीम अदालत महिला विंग राष्ट्रीय अध्यक्ष निशा सहरिया का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्याधर आजाद, अशोक चनानिया, शीशराम सहरिया, लीलूराम सहरिया, सोनू, सुनिता, ममता, मुन्नी देवी अध्यापिका, अंकित, राहुल, शांति, दिनेश, संगीता, लीलाधर सहित महिलाएं एव पुरूष उपस्थित थे।

जिलेभर में भारतीय रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ।

प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

चूरू, (कासं)। खेल स्टेडियम में 10 बजे जिला एथेलेटिक्स संघ द्वारा क्रोस कन्ट्री प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण ने किया। पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण ने कहा कि खेल में भाग लेने से स्वास्थ्य सही रहता है। इसलिए प्रत्येक युवाओं को शिक्षा के साथ खेलों पर भी ध्यान देना चाहिए। प्रतियोगिता में पंचायत समिति प्रधान दीपचन्द राहड़, जिला कुश्ती संघ के जिलाध्यक्ष विनोद गढवाल, भाजपा नेता पदम सिंह राठौड़, जिला ऑलम्पिक संघ के सचिव ठाकुरमल शर्मा व सच्चेन्द्र कड़वासरा आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। जिला कुश्ती संघ के जिलाध्यक्ष विनोद गढवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में सीनीयर वर्ग, अण्डर 16, 18 व 20 वर्षीय वर्ग के पुरूष, महिलाएं व बालिकाओं ने भाग लिया। गढवाल ने बताया कि प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी 17 से 18 दिसम्बर को भरतपुर में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। संघ के अध्यक्ष नृसिंह गौड़ ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कुल 150 खिलाड़ी भाग ले रहे है।

योगेंद्र सिंह काली पहाड़ी पुनः निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

योगेंद्र सिंह काली पहाड़ी

बगड़, (निसं)। कालीपहाड़ी ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड झुंझुनूं के अध्यक्ष पद के चुनाव में कांग्रेस जिला महासचिव योगेंद्रसिंह कालीपहाड़ी को पुनः निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। निर्वाचन अधिकारी अमित जांगिड़ ने बताया कि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए सिर्फ 1-1 आवेदन आए। जिसके पश्चात योगेंद्रसिंह कालीपहाड़ी को निर्विरोध अध्यक्ष और कैप्टन रिछपाल सिंह जयपहाड़ी को निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया।

इससे पहले यहा संचालक मंडल के चुनाव भी निर्विरोध संपन्न हुए है। निर्विरोध निर्वाचन होने पर जयपहाड़ी सरपंच यशपाल सिंह शेखावत, कल्याण सिंह, कैप्टन गिरवर सिंह, सहीराम झाझड़िया, मनोहर कंवर, सुरेश कंवर, सीमा कंवर, सुरेश कुमार, संपतसिंह, रामनिवास भालोठिया, पूर्व सरपंच अरसद अनीस, जयसिंह, दिनेश सिंह, बिशन सिंह, अरविंद सिंह, रंगपालसिंह, ओमसिंह, भवानीसिंह बास, दीपेंद्रसिंह, सुरेंद्रसिंह, गोविंदसिंह, राजवीर सिंह सहित अन्य लोगों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को बधाई दी।

झुंझुनूं के पूर्व डीएसपी लोकेंद्र दादरवाल एडिशनल एसपी बने

झुंझुनूं, (निसं)। गृह विभाग की ओर से जारी पदोन्नित सूची में झुंझुनूं के पूर्व में सिटी डीएसपी रहे आरपीएस लोकेंद्र दादरवाल को भी नए साल से पहले प्रमोशन का तोहफा मिला हैं।

वर्तमान में अजमेर के किशनगढ़ ग्रामीण डीएसपी लोकेंद्र दादरवाल अब एडिशनल एसपी पद पर पदोन्नत हो गए हैं। 2015 बैच के आरपीएस लोकेंद्र दादरवाल का पैतृक गांव झुंझुनूं के मंडावा के निकट बहादुरवास गांव हैं। हालांकि जन्म के बाद उनकी शिक्षा दीक्षा जयपुर में ही संपन्न हुई। आरपीएस लोकेंद्र इससे पहले श्री गंगानगर के सूरतगढ़ डीएसपी, 11वीं आरएसी बटालियन दिल्ली में सहायक कमांडेंट रहे। इसके बाद 24 अगस्त 2019 को उन्होंने झुंझुनूं में सिटी डीएसपी के रूप में पदभार संभाला था। करीब दो साल के कार्यकाल के बाद उनका दिसंबर 2021 में अजमेर के किशनगढ़ ग्रामीण डीएसपी के रूप में तबादला हो गया था।

■ लोकेंद्र दादरवाल को मिला नए साल से पहले प्रमोशन का तोहफा

लोकेंद्र दादरवाल

गौरतलब है कि आरपीएस लोकेंद्र दादरवाल ने झुंझुनूं में बतौर डीएसपी रहते हुए पुलिस और आमजन के मध्य काफी सराहनीय कार्य किए थे। उनकी लोकप्रियता इतनी बढ़ गई थी कि तबादला होने पर जिलेवासियों और पुलिस महकमे में मायूसी छा गई थी। इधर डीएसपी लोकेंद्र दादरवाल को एडिशनल एसपी बनने पर झुंझुनूं से पत्रकारों, पुलिस कर्मियों समेत अन्य लोगों ने बधाईयां और शुभकामनाएं प्रेषित की।

शिविर में 512 रोगी लाभान्वित

चूरू, (कासं)। पिछले 28 वर्षो से प्रतिमाह के पहले मंगलवार को लगने वाला निःशुल्क मिर्गी निदान शिविर रतननगर के उप स्वास्थ्य केंद्र में त्रिवेणी देवी सुरेका चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में 339 वाँ कैम्प सम्पन्न हुआ। कैम्प में 512 मरीजो के इलाज कर पूरे माह की दवाई निशुल्क वितरित की गई। कैम्प के मुख्य न्यूरोफिजिशयन डॉ. आर. के सुरेका ने बताया कि सामान्यतः 80 प्रतिशत लोगो के दौरे एक या दो दवाईयों से नियंत्रित हो जाते है। बाकी 20 प्रतिशत मरीजो में आजकल दौरे के नियंत्रण के लिये नई.नई दवाईयों का अविष्कार हुआ है जो कि भारत में उपलब्ध है। इसके अलावा एक विशेष प्रकार की डाईट जिसमें वसा की मात्रा अधिक होती है ;किटोजेनिक बाईट के सेवन से भी दौरे नियंत्रित किये जा सकते है। इसके अलावा नई तकनीक जैसे कि वेगस नर्व स्टिमुलेशन, डीप ब्रेन स्टिमुलेशन आदि भी कारगर सिद्ध हो रही है आजकल दौरे के नियंत्रण के लिये शल्य क्रिया भी भारत में उपलब्ध है। इस कैम्प में डॉ. रोहित सुरेका डॉ. रक्षित सुरेका, डॉ. जयसिंह, डॉ. अभिनव सरीन, डॉ.एफएच गौरी, तालू खान आदि ने सहयोगिय भूमिका निभाई।

राज्य स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में कुरबड़ा विद्यालय ने गोल्ड मेडल जीता

विद्यालय कुरबड़ा के योगेन्द्र कुमार गुर्जर व पीयूष सैनी ने शानदार प्रदर्शन किया।

पाटन, (निसं)। धौलपुर में आयोजित 66वीं राज्य स्तरीय अन्डर 14 छात्र वर्ग वालीबॉल प्रतियोगिता में सीकर टीम ने गोल्ड मेडल जीता है, जिसमे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुरबडा के दो छात्रों ने जिसमें योगेन्द्र कुमार गुर्जर व पीयूष सैनी ने शानदार प्रदर्शन कर अपने विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

इस खुशी में विद्यालय व ग्रामीणों के छात्रों का सम्मान कर रैली निकाली, इसके साथ ही अन्य छात्रों ने भी पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। जिसमें सुमित यादव (टेनिस बाली बाल) सोनू धनेरवा (कुश्ती), साहिल (सूटिंग बॉली बाल)में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। सम्पूर्ण आयोजन प्रधानाचार्य सुरेश कुमार यादव के सानिध्य में किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ के साथ ही ग्राम पंचायत सरपंच कुरबडा लक्ष्मण सिंह, पूर्व एडिशनल एसपी जगमाल सिंह, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बालूराम, डॉ राम गोपाल , मोती सिंह,छोटू राम, प्रधानाचार्य झाबर सिंह,भागीरथ गुर्जर व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। विद्यालय की दो शिक्षिकाओं ने जिसमें सारिका यादव ने ग्यारह हजार रुपए व श्रीमती विनोद कुमारी मीणा ने ट्रैक सूट देने की घोषणा कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के शारिरिक शिक्षक नरेश कुमार गुर्जर का सम्मान कर खुशी जाहिर की।

झुंझुनूं के लोगों का स्नेह पाकर भावुक हुए रवि जैन

झुंझुनूं, (निसं)। जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर के आयुक्त और सीनियर आईएएस रवि जैन का झुंझुनूं से काफी गहरा नाता है। वे जब भी यहां आते है। ना केवल लोगों से मिलकर खुश होते है। बल्कि अपनी पुरानी यादें भी ताजा करते है। इसी क्रम में रवि जैन एक बार फिर झुंझुनूं आए तो उनसे मिलने वालों का तांता लगा रहा।

दरअसल आईएएस रवि जैन झुंझुनूं के नयासर गांव में बनाए गए पशु-पक्षियों के सेल्टर होम का उद्घाटन करने आए थे। यहां पर पशु पक्षी प्रेमी डॉ. अनिल खीचड़ द्वारा बनाए गए निशुल्क सेल्टर होम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मंजू बाला तथा महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला मौजूद थे। इस मौके पर उन्होंने डॉ. अनिल खीचड़ द्वारा बनाए गए सेल्टर होम की तारीफ की और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। झुंझुनूं आने पर अल कुरैशी वेलफेयर सोसायटी की ओर से जैन का अभिनंदन किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर लक्ष्मणसिंह मील, उमेश कस्वां, नीरूसिंह, अहमद अली , शेरसिंह पूनियां, ओमप्रकाश पूनियां, डॉ. नरेंद्र काजला,, कैप्टन अमरचंद खेदड़, वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मजीद कुरेशी, सचिव उमर कुरेशी, पत्रकार इम्तियाज अली, अमित कुमावत, रघुवीरसिंह, शुभकरण, डॉ. संतकुमार, अशोक मांजू थे। डॉ. अनिल खीचड़ ने बताया कि विनोद खींचड एंड भजन मंडली की ओर से भजनों की प्रस्तुति दी गई। प्रधानाचार्य राजेंद्र खीचड़ ने संचालन किया। इस दौरान संकेत दूलड़, अरबाज खान, अक्षत, नितिन, सुनील, सौरव, बजरंगलाल त्रिलोक समेत अन्य लोग मौजूद रहे। गायकार जाकिर अब्बासी ने गीत की प्रस्तुति दी।

आईएएस रवि जैन झुंझुनूं के नयासर गांव में पशु-पक्षियों के सेल्टर होम का उद्घाटन किया।

■ झुंझुनूं आए जेडीसी रवि जैन बोले, यहां के लोगों का अपनत्व आज भी दिल से जुड़ा है

झुंझुनूं के लोगों का स्नेह पाकर भावुक हुए रवि जैनः- सीनियर आईएएस रवि जैन ने फिर से अपनी दिल की बात कही और कहते-कहते भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि उन्होंने झुंझुनूं में 13 महीने का कार्यकाल बतौर कलेक्टर पूरा किया था। इस दौरान यहां के लोगों के साथ मिल जुलकर, उनसे विचार विमर्श कर काफी काम किए। उन्होंने कहा कि झुंझुनूं में जो अपनत्व और अपनापन महसूस होता है। वो और कहीं भी महसूस नहीं किया। उन्होंने बताया कि आज भी झुंझुनूं के लोग उनसे जुड़े हुए है। फोन करते है। जब भी जयपुर आते है तो बेहिचक मुझसे ना केवल मिलते है। बल्कि मैं भी झुंझुनूं आता हूं तो मेरे मान सम्मान में पलक पांवड़े बिछाए रहते है। जिससे मैं भी भावुक हो जाता हूं। उन्होंने कहा कि आज मैं काफी दिनों बाद आया हूं। लेकिन फिर भी झुंझुनूं के लोग जिस तरह से मुझसे मिल रहे है। मुझे काफी खुशी मिल रही है।

इन्होंने भी की मुलाकातः- इधर, युवा पत्रकार रणजीत गुर्जर कोहली ने भी सीनियर आईएएस रवि जैन से सर्किट हाउस में मुलाकात की और झुंझुनूं आने पर अभिनंदन किया। इस दौरान उन्होंने झुंझुनूं में कलेक्टर के रूप में कार्यकाल के दौरान बीड़ गंदे पानी समस्या समाधान को लेकर किए गए प्रयासों की में वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी जुटाई। और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा भी की।

होम गार्ड ने स्थापना दिवस मनाया

चूरू, (कासं)। 60वें गृह रक्षा स्थापना दिवस पर मंगलवार को गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र में समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समारोह में विभागीय ध्वज फहराया गया। झण्डारोहण उप समादेष्टा आनन्द कुमार ने किया। ईकाई के एक पुरुष प्लाटून गृह रक्षा स्वयंसेवकों ने मार्च पास्ट कर ध्वज को सलामी दी। उप समादेष्टा आनन्द कुमार ने इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भारत सरकार के गृह सचिव, राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत गृह राज्य मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा, अतिरिक्त महानिदेशक गृह रक्षा अमृत कलश एवं महा समादेष्टा गृह रक्षा विभाग की ओर से प्राप्त संदेशों का पठन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण केन्द्र स्वयंसेवकों के बीच वॉलीबाल व कबड्डी के मैच आयोजित किये गये। स्वयंसेवकों को अल्पाहार वितरण किया गया। इस दौरान केन्द्र में पदस्थापित स्थाई स्टाफ करणी सिंह प्लाटून कमाण्डर, महेन्द्र सिंह प्लाटून कमाण्डर, कुन्दन सिंह मुख्य आरक्षी, कृष्ण कुमार सहायक व रूपसिंह सहायक आदि उपस्थित रहे।

सार-समाचार

शिविर में 106 यूनिट रक्तदान

सादुलपुर, (निसं)। एचडीएफसी बैंक की स्थानीय शाखा और श्रीनाथजी हॉस्पिटल के संयुक्त सौजन्य से स्थानीय श्रीनाथजी हॉस्पिटल में सोमवार को आयोजित रक्तदान शिविर में 106 लोगों ने रक्तदान किया। वहीं शिविर का उद्घाटन राजगढ के थानाधिकारी कृष्ण कुमार बलवदा, बैंक के प्रबंधक मोहम्मद इलियास, डॉ. अजित सिंह तथा अस्पताल निदेशक जे.पी.कलाल ने विधिवत रूप से किया। इस अवसर पर बडौदा ने कहा कि रक्तदान महादान है, जो किसी का जीवन बचाने में काम आता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में रक्तदान के प्रति आम आदमी में जागृति आई है, लेकिन आवश्यकता ही है भी है कि रक्त दाताओं द्वारा निःस्वार्थ भाव से दिए गए रक्त का सदुपयोग होना चाहिए। डॉ. अजीत सिंह की देखरेख में सम्पन्न हुए शिविर में बैंक के कृषि अधिकारी श्रवण कुमार भांभू, बैंक कार्मिक कमल शर्मा, रामगोपाल शर्मा, अनीश व अस्पताल प्रबंधन के मनीष तथा जतिन कलाल सहित सामाजिक कार्यकर्ता गिरधारी सैनी आदि ने भी भागीदार निभाई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

रतनगढ़, (निसं)। भामाशाहों के सहयोग से सरकारी स्कूलों में लगवाए जा रहे इंटरएक्टिव बोर्ड का प्रशिक्षण कार्यक्रम श्री गांधी बाल निकेतन में मंगलवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सीबीईओ भंवरलाल डूडी, निकेतन सचिव राजीव उपाध्याय, अजय सारस्वत व प्रशिक्षक आरती मंचस्थ थे। कार्यक्रम को मुख्य ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी भंवरलाल डूडी ने कहा कि निजी स्कूल की प्रेरणा से सरकारी विद्यालयों में अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने का यह अनूठा उदाहरण अनुकरणीय है, इसके लिए शिक्षा विभाग एवं विद्यार्थी भामाशाहों एवं भामाशाह प्रेरक के आभारी हैं। यह इंटरएक्टिव बोर्ड निश्चित ही विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से रुचिकर शिक्षा उपलब्ध करवाने में सहायक होगा। इस परियोजना के प्रेरक राजीव उपाध्याय ने कहा कि संस्था प्रधान सभी आठों कालांश में इंटरएक्टिव बोर्ड का उपयोग सुनिश्चित कर विद्यार्थियों को अधिकाधिक लाभ पहुंचाएं। इस बोर्ड को किसी प्रकार के विशेष रखरखाव की जरूरत नहीं है जिसके चलते दूरदराज के क्षेत्रों में स्थित सरकारी स्कूलों में भी इसका उपयोग आसानी से किया जाएगा। इस कार्यशाला में प्रथम एवं द्वितीय चरण के 23 सरकारी स्कूलों के प्रधानाचार्य एवं उनके साथी प्रतिनिधियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। संचालन इंटरएक्टिव बोर्ड परियोजना के समन्वयक नगेंद्र शर्मा एवं भानु प्रकाश शर्मा ने किया।

महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

उदयपुरवाटी, (निसं)। कस्बे के सात बत्ती चौक पर संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर जी का 67 वा महापरिनिर्वाण दिवस श्रद्धांजलि सभा के रूप में मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि उदयपुरवाटी नगरपालिका अध्यक्ष रामनिवास सैनी ने बाबा साहेब अंबेडकर के जीवनी पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता एडवोकेट हंसराज कबीर ने की। मुख्य वक्ता भीम सेना अध्यक्ष सुरेश खारड़िया मंडावरा ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर के सपनों को साकार करना ही एक मात्र हमारा लक्ष्य होना चाहिए। इस दौरान उदयपुरवाटी नगरपालिका चैयरमेन रामनिवास सैनी, भीमसेना अध्यक्ष सुरेश खारड़िया मण्डावरा, विजेन्द्र सिंह इन्द्रपुरा, एडवोकेट मोतीलाल सैनी, एडवोकेट हंसराज कबीर, सुभाष बोद्ध, विजेन्द्र नायक, ओमप्रकाश मीणा, पार्षद गोविंद वाल्मिकी, अशोक राठी, राहुल मावता, शदरूदीन लुहार, हंसराज असवाल, राहुल असवाल, कमलेश जीनगर, मुकेश सैनी, अमित कछावा, सन्जू इन्दपुरा व सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

उच्च शिक्षा मंत्री के नाम दिया ज्ञापन

झुंझुनूं, (निसं)। छात्र संगठन एसएफआई ने मोरारका महाविद्यालय में एनसीसी एमकॉम व उर्दू विषय शुरू कराने की मांग को लेकर उच्च शिक्षा मंत्री के नाम प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। छात्रसंघ महासचिव साहिल कुरैशी ने बताया कि छात्रसंघ अध्यक्ष कपिल चोपड़ा के नेतृत्व में महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। छात्रसंघ अध्यक्ष कपिल चोपड़ा ने बताया कि जिले के सबसे बड़े सरकारी महाविद्यालय होने के कारण और जिला हैड क्वार्टर पर विद्यार्थी समुदाय को एनसीसी एमकॉम उर्दू विषय के लिए अन्य निजी महाविद्यालय के अंदर प्रवेश लेना पड़ता है। जिससे कुछ विद्यार्थी जो उन निजी महाविद्यालय की मोटी फीस नहीं भर सकता है। वह विद्यार्थी शिक्षा से वंचित रह जाता है। कॉलेज कमेटी अध्यक्ष उपेंद्र सिंह ने बताया कि जल्द से जल्द मांगों को पूरा करें अन्यथा छात्र संगठन एसएफआई बड़ा आंदोलन करेगी। इस अवसर पर सरिता कुमारी, सोनम कुमारी, निधि चाहर, निशा जांगिड़, मनीषा कुमारी, काजल, विष्णु शीला, राहुल, पिंटू कुमार, अनीश हुड्डा, मोनू महरिया, मोहित, विवेक बेनीवाल, गौरव जांगिड़, महफूज मिर्जा, साहिल भाऊ व अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

समाज सेवा शिविर का आयोजन

सरदारशहर, (निसं)। स्थानीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जैतसीसर में पांच दिवसीय समाजोपायोगी उत्पादक कार्य एवं समाज सेवा शिविर का आयोजन किया गया। विभिन्न उद्देश्यों की पूर्ति हेतू आयोज्य इस शिविर में छात्रों के विभिन्न दलों ने विद्यालय व परिसर के आसपास विभिन्न कार्य किए। शिविर प्रभारी चन्दनमल के निर्देशन में विभिन्न दल प्रभारियों द्वारा श्रमदान व साफ-सफाई के अलावा सांस्कृतिक, खेलकूद, ड्रॉइंग-पेंटिंग एवं कक्षा कक्ष सजावट के क्रियाकलाप भी संपन्न करवाये गये। प्राचार्य दौलाराम नें बताया कि शिविर के समापन दिवस पर बिरमादेवी व चन्दनमल के निर्देशन में एक भारत श्रेष्ठ भारत की सीरीज में असम दिवस कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमे असमी संस्कृति व बिहू लोक नृत्य में छात्राओं नें शानदार व रंगारंग प्रस्तुतियाँ दी। कार्यक्रम के विशेष सहयोगी शेरसिंह के आलावा सभी दल प्रभारी राजेंद्रप्रसाद, रुपेश, रामदेव, रामकुमार व सह प्रभारियों परमेश्वरलाल, शिव भगवानजी, बनवारीलाल व सुरेश का सहयोग रहा रहे।

अनिल वर्मा को किया सम्मानित

रतनगढ़, (निसं)। नई दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू ऑडिटोरियम में तीन दिसबर को फ्लिपकार्ट कंपनी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शहर के वार्ड 15 निवासी अनिल पुत्र विजयकुमार वर्मा को इस साल फ्लिपकार्ट सेलिंग में अखिल भारतीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर फिल्म अभिनेता अनिल कपूर द्वारा समानित किया गया साथ ही 50 हजार का नगद पुरस्कार भी दिया गया। कार्यक्रम में सिंगिंग स्टार नेहा ककड़ और डांसर टेरेंस ने भी अपनी प्रस्तुति दी। उल्लेखनीय है कि अनिल कुमार वर्मा पिछले 2 साल से फ्लिपकार्ट कंपनी में बेहतर प्रदर्शन कर रहे है , पिछले साल इसी कार्यक्रम में अनिल को फिल्म अभिनेता आयुष्मान खुराना भी सम्मानित कर चुके है।

पाठशाला का विधिवत उद्घाटन

सादुलपुर, (निसं)। कस्बा राजगढ की खेमाणा रोड झुग्गी बस्ती के सामने डॉ. अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। वहीं श्रद्धाजंलि सभा के बाद एएसपी सीमा हिंगोनिया ने नवसंचालित सीईडब्लूएस पाठशाला का विधिवत रूप से रिबन काटकर उद्घघाटन किया। इस अवसर पर पूर्व चैयरमेन जगदीश बैरासरिया, सीमा हिंगोनिया, श्रवण नवल बनवारी लाल सुणिया, सतवीर बागोत, सुभाष बागोत, पवन गोठवाल, कृष्ण मेहरा अजय बौद्घ, अजय भाटी मोहसिन शेख, दलिप बुगालिया, प्रवीन कुचियां, अम्बेडकर विकास संस्थान के छात्र, झुग्गी बस्ती के बच्चे सहित सैकडों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उम्मेद सुणिया ने किया। गौरतलब है कि पाठशाला में शिक्षक की भूमिका सबिना बानो निभायेंगी।

महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

रतनगढ़, (निसं)। स्थानीय राजकीय अस्पताल के पास बुद्ध धम्म रथ यात्रा समारोह समिति द्वारा संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर 66 वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया तथा श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पुष्पांजलि दी गई। इस अवसर पर रिखाराम तालणियां, लालचंद पवांर,जे पी भाटी, एम आर मंडीवाल, लालचंद बौद्ध, राजेंद्र कुमार बाकोलिया, अनिल कुमार सियोता, अशोक कुमार आलडिया, वीरेंद्र कुमार बुनकर, रितेश बौद्ध, सुरेश कुमार तंवर, सहित सैकड़ों सर्व समाज के लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।